## इन चार सीटों पर 25 अप्रैल तक होगा नामांकन और 13 मई को वोट, 4 जून को मतगणना

# झारखंड की 4 लोकसभा सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी, नामांकन की प्रक्रिया शुरू

### 4 जून को काउंटिंग

19 अप्रैल से 1 जून तक देश में 7 चरणों में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। चार जून को मतगणना होगी और उसी दिन चुनाव के परिणाम आयेंगे।

- सिंहभूम में मधु कोड़ा के खिलाफ झामुमो ने जोबा मांझी को उतारा
- खूंटी में फिर अर्जुन मुंडा बनाम कालीचरण मुंडा
- पलामू में भाजपा से वीडी राम, राजद ने ममता भुइयां को उतारा
- सिंहभूम में कांग्रेस के टिकट पर जीतीं थीं गीता कोड़ा
- 4 लोकसभा सीट पर 6399582 वोटर करेंगे मताधिकार का इस्तेमाल
- सबसे अधिक 22.27 लाख मतदाता पलामू लोकसभा सीट पर करेंगे मतदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की 4 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 3 एवं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 1 लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार (18 अप्रैल) को अधिसूचना जारी कर दी है। प्रत्याशी 25 अप्रैल तक लोग नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 29 अप्रैल है। यानी नामांकन दाखिल कर चुके लोग अगर नाम वापस लेना चाहें, तो इस तारीख तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।

आपको बता दें कि चौथे चरण का मतदान झारखंड के 25.72 फीसदी मतदान केंद्रों पर होगा। चौथे चरण का मतदान राज्य के 29,521 मतदान केदो में से 7,595 मतदान केंद्रों पर होगा। सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है। वहीं, पलामू में महिला मतदाताओं की तुलना में पुरुष मतदाताओं की संख्या अधिक है। मतदाताओं की संख्या के मामले में झारखंड के तीन सबसे छोटा संसदीय क्षेत्र में चौथे चरण में मतदान होगा। खूंटी 13 लाख 20 हजार 808 वोटर, लोहरदगा 14 लाख 36 हजार 351 वोटर और सिंहभूम में 14 लाख 41,841 वोटर हैं। क्षेत्रफल की दृष्टि से झारखंड से दूसरा सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र 8,799 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले खूंटी में चौथे चरण में मतदान होना है।

### सिंहभूम से गीता कोड़ा और जोबा मांझी मैदान में




सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मधु कोड़ा की पत्नी और पूर्व कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को चुनाव के मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले इंडिया गठबंधन से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने जोबा मांझी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इन दोनों के बीच में चित्रसेन सिंकू भी चुनाव लड़ रहे हैं।

### खूंटी सीट पर अर्जुन मुंडा बनाम कालीचरण मुंडा




खूंटी सीट से भाजपा ने एक बार फिर अर्जुन मुंडा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस ने पिछले बार के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को ही मैदान में अर्जुन मुंडा के मुकाबले उतारा है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुत कम अंतर से कालीचरण मुंडा को पराजित किया था।

### झारखंड की इन 4 लोकसभा सीटों पर सबसे पहले होगी वोटिंग

झारखंड में 4 लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। 13 मई की सुबह 7 बजे से शाम के 6 बजे तक मतदान होगा। उस समय पूरे देश में चौथे चरण का मतदान चल रहा होगा। बता दें कि झारखंड की 4 लोकसभा सीटों पर वोट होना है, जिसमें सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) लोकसभा शामिल हैं।

### सिंहभूम में भाजपा से गीता कोड़ा मैदान में

सिंहभूम लोकसभा सीट पर पिछली बार गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। हाल में वो भाजपा में शामिल हो गयीं। इस बार वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं हैं। बाकी तीन लोकसभा सीटों खूंटी (एसटी), लोहरदगा और पलामू पर भाजपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी।

### पलामू में भाजपा से वीडी राम, कांग्रेस से सुखदेव






लोहरदगा सीट पर भाजपा ने राज्यसभा सदस्य समीर उरांव को उम्मीदवार बनाया है, तो कांग्रेस पार्टी ने सुखदेव भगत को टिकट दिया है। वहीं, पलामू संसदीय सीट पर भाजपा ने वीडी राम को टिकट दिया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर से राजद ने ममता भुइयां को टिकट दिया है।

### सबसे अधिक 22.27 लाख मतदाता पलामू लोकसभा सीट पर

पलामू (एससी) लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 22,27,365 मतदाता हैं। मतदाताओं के मामले में सिंहभूम (एसटी) सीट दूसरे नंबर पर है। यहां मतदाताओं की संख्या 14,32,934 है। इसके बाद लोहरदगा (एसटी) का नंबर आता है, जहां कुल 14,27,022 वोटर हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में सबसे कम मतदाता खूंटी (एसटी) में हैं। यहां मतदाताओं की संख्या 13,12,261 है।

### कौन किस संसदीय सीट से लड़ रहा लोकसभा का चुनाव

| क्रम सं. | लोकसभा सीट | एनडीए उम्मीदवार | इंडिया उम्मीदवार | अन्य उम्मीदवार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सिंहभूम (एसटी) | गीता कोड़ा | जोबा मांझी | चित्रसेन सिंकू |
| 2. | खूंटी (एसटी) | अर्जुन मुंडा | कालीचरण मुंडा | -------------- |
| 3. | लोहरदगा (एसटी) | समीर उरांव | सुखदेव भगत | महेंद्र उरांव |
| 4. | पलामू (एससी) | वीडी राम | ममता भुइयां | अभय भुइयां |

25 अप्रैल तक लोग नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी 29 अप्रैल तक नामांकन वापस लिया जा सकता है।

| क्रम सं. | लोकसभा क्षेत्र का नाम | कुल मतदाता |
|---|---|---|
| 1. | सिंहभूम (एसटी) | 1432934 |
| 2. | खूंटी (एसटी) | 1312261 |
| 3. | लोहरदगा (एसटी) | 1427022 |
| 4. | पलामू (एससी) | 2227365 |
| कुल | | 6399582 |

| क्रम सं. | लोकसभा क्षेत्र का नाम | महिला मतदाता |
|---|---|---|
| 1. | सिंहभूम (एसटी) | 727734 |
| 2. | खूंटी (एसटी) | 667946 |
| 3. | लोहरदगा (एसटी) | 719616 |
| 4. | पलामू (एससी) | 1071695 |
| कुल | | 3186991 |

### 4 लोस सीट पर 63,99,582 वोटर देंगे वोट

बताते चलें कि इन 4 लोकसभा क्षेत्र में कुल 63,99,582 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 32,12,549 पुरुष, 31,86,991 महिला और 42 थर्ड जेंडर वोटर हैं। सबसे ज्यादा 33 थर्ड जेंडर वोटर सिंहभूम (एसटी) लोकसभा क्षेत्र में हैं। इन 4 लोकसभा क्षेत्रों में कुल 23 विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।




| क्रम सं. | लोकसभा क्षेत्र का नाम | पुरुष मतदाता |
|---|---|---|
| 1. | सिंहभूम (एसटी) | 705167 |
| 2. | खूंटी (एसटी) | 644311 |
| 3. | लोहरदगा (एसटी) | 707402 |
| 4. | पलामू (एससी) | 1155669 |
| | कुल | 3212549 |

| क्रम सं. | लोकसभा क्षेत्र का नाम | थर्ड जेंडर वोटर |
|---|---|---|
| 1. | सिंहभूम (एसटी) | 33 |
| 2. | खूंटी (एसटी) | 4 |
| 3. | लोहरदगा (एसटी) | 4 |
| 4. | पलामू (एससी) | 1 |
| | कुल | 42 |

## खबर एक नजर में

### 21 अप्रैल को रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन

**मोरहाबादी मैदान से सुबह 7:00 बजे से होगी मैराथन की शुरूआत**

रांची। स्वीप के तहत तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रांची में रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया जाएगा। 21 अप्रैल को सुबह 7 :00 बजे मैराथन की शुरूआत मोरहाबादी मैदान से होगी। रन फॉर डेमोक्रेसी के आयोजन की तैयारी को लेकर नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। मैराथन के बाद डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया है।

### आजसू पार्टी का ग्राम प्रभारी सम्मेलन आज

**रांची।** सिंहभूम लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन का आयोजन 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को चाईबासा स्थित गांधी मैदान में होगा। सम्मेलन में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। इस दौरान लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनि्ित करने और भावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारी हिस्सा लेंगे।

### यौन शोषण के जुर्म में दस वर्ष की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को शादी का झांसा देकर नाबालिग का शारीरिक शोषण करने के जुर्म में दोषी अनगड़ा निवासी युवक मिथुन बेदिया को 10 साल कैद की सजा सुनायी है। साथ ही, दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर उसे अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में 15 अप्रैल को दोषी ठहराया था। पीड़िता ने अनगड़ा थाना में 7 अप्रैल 2022 को अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया है कि शादी का झांसा देकर पिछले तीन साल से शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में मुकर गया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने घटना का समर्थन किया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पांच गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### कई प्रत्याशियों ने खरीदा पर्चा

**रांची।** कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह कमर कस चुकी है। गुरुवार को जहां पार्टी उम्मीदवार सुखदेव भगत ने नामांकन पत्र खरीदने के साथ ही 25 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने का ऐलान कर दिया है, तो वहीं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों के लिए पार्टी ने चुनाव प्रभारी की भी घोषणा कर दी है। इसमें गुमला जिला की तीन विधानसभा हैं जबकि लोहरदगा में दो विधानसभा क्षेत्र हैं। वहीं पलामू सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार सह सांसद विष्णु दयाल राम, महागठबंधन से राजद उम्मीदवार ममता भुइयां, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमाक्रेसी के वृंदा राम एवं भागीदार पी के सत्येन्द्र कुमार पासवान ने नामांकन पत्र खरीदे।

### सीता सोरेन पर हमले की आशंका जतायी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सीता सोरेन पर हमले की आशंका जतायी है। उनके मुताबिक, संभव है कि सिंहभूम की सांसद और पार्टी उम्मीदवार गीता कोड़ा पर पिछले दिनों हुए हमले की तरह सीता सोरेन पर भी झामुमो कार्यकर्ता जानलेवा हमला कर सकते हैं। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर अपनी आशंका जाहिर करते हुए मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन ने लगभग डेढ़ दशक तक झामुमो विधायक के रूप में पार्टी की सेवा की। वे झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुईं है तो उनपर हमला हो सकता है।

# ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी में नशे का धंधा तेजी से पांव पसार रहा है। इसी कड़ी में रांची पुलिस ने गुरुवार को नशे का सौदा करने वाले चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। इनके पास से करीब 17 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर सभी को दबोचा है।

गिरफ्तार युवकों में सुमन कुमार, ऋषिकेश कुमार पाहन और अभिषेक रंजन का नाम शामिल है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि सुमन कुमार की उम्र करीब 26 साल है। वह आदर्श नगर, कोकर का निवासी है। ऋषिकेश कुमार पाहन की उम्र महज 19 साल है। वह होम्बई बस्ती, बीआईटी मेसरा का निवासी है। जबकि अभिषेक रंजन की उम्र महज 19 साल है। वह दीपाटोली का निवासी है। तीनों को पुलिस ने खेलगांव के पास से गिरफ्तार किया है।

सीटी एसपी ने बताया कि इनके साथ एक नाबालिग भी था। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्ता सूचना मिली थी कि कुछ ड्रग्स पेडलर खेलगांव थानाक्षेत्र के रामदयाल मुंडा कला केंद्र के पास ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले हैं। इस सूचना पर सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम बनाई गई। पुलिस की टीम जब घटनास्थल पर पहुंची तो नशे के सौदागर भागने लगे। फिर पुलिस ने पीछा कर चार को धर दबोचा।

पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह से तार जुड़े होने की संभावना जताई है। फिलहाल खेलगांव थाना में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बरामद ड्रग्स को जांच के लिए एफएसएल को भेज दिया है। छापेमारी टीम में डीएससी सदर, थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह, एएसआई अनिल हांसदा, एएसआई युद्धिष्ठिर महतो, आरक्षी शैलेंद्र कुमार और सात्विक कुमार शामिल थे।

## विधि व्यवस्था को लेकर 298 लोगों को नोटिस, जिसमें 228 लोग पहुंचे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले में बुंडू अनुमंडल का इलाका खूंटी संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। खूंटी संसदीय क्षेत्र की नामांकन की अधिक सूचना जारी होने के बाद बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी मोहनलाल मरांडी ने 298 लोगों को प्रतिवादी बनाते हुए धारा-107 के तहत नोटिस जारी किया है। जिसमें 228 लोगों ने उपस्थित होकर न्यायालय में शपथ पत्र देकर शांति बहाल में सहयोग करने की बात कही है। इसके अलावा 69 लोग अभी तक हाजिर नहीं हुए हैं। अनुमंडल कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक बुंडू थाना में 17 वाद खोलकर 81 लोगों को प्रतिवादी बनाया गया। जिसमें 55 लोग हाजिर हुए और 26 लोग अनुपस्थित हैं।

दशम फॉल थाना में चार वाद खोलकर 26 लोगों को नोटिस किया गया है। जिसमें 26 प्रतिवादियों ने न्यायालय में हाजिर होकर शांति व्यवस्था के लिए शपथ पत्र समर्पण किया है। तमाड़ थाना क्षेत्र में 12 वाद खोलकर 98 लोगों को प्रतिवादी जिसमें 80 लोग हाजिर हुए और 18 लोग अनुपस्थित हैं। सोनाहातू थाना में सात वाद खोलकर 45 लोगों को प्रतिवादी बनाया गया है। जिसमें 25 लोग हाजिर हुए और 20 अनुपस्थित हैं। राहे थाना क्षेत्र में छह वाद खोलकर 47 लोगों को प्रतिवादी बनाया गया है। जिसमें 42 लोग हाजिर हुए और पांच अनुपस्थित हैं। अनुपस्थित लोगों को कार्रवाई के लिए अनुमंडल कार्यालय से उपयुक्त रांची व वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को आवेदन अग्रसारित किया गया है।

### भाजपा एसटी मोर्चा रांची लोकसभा की बैठक आयोजित

# पीएम नरेंद्र मोदी के दिल में बसता है आदिवासी समाज : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा एसटी मोर्चा की ओर से 25 अप्रैल तक मंडल स्तर की बैठक और 30 अप्रैल तक रांची लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी विधानसभा में जनजाति सम्मेलन किया जायेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एसटी मोर्चा की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर राज्य सरकार की नाकामियों एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों को बतायेंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज पीएम नरेन्द्र मोदी के दिल में बसता है। भाजपा ही जनजाति समाज का विकास कर सकती है। भाजपा ने झारखंड निर्माण, जनजाति मंत्रालय का गठन, द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाना, 8-8 जनजातीय मंत्री, जनजाति गौरव दिवस, पीएम जनमन योजना सहित कई ऐतिहासिक कार्य भाजपा ने किया है। कहा कि लोकसभा चुनाव में जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में जन संपर्क अभियान चला कर मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को बतायें। बैठक में रामकुमार पाहन, ठानो मुंडा, अर्जुन मुंडा, सुनील फकीरा कच्छप, बुधराम बेदिया, अनिल महतो, रवि मुंडा, नकुल तिर्की, रोशनी खलखो, जीतनाथ बेदिया, सुनील उरांव, नूंतन पाहन, रुपलक्ष्मी मुंडा, मनमोहन भोक्ता, अशोक मुंडा, अरविंद तिर्की तथा दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### भ्रष्टाचार से घिरी झामुमो, अस्तित्व बचाने में जुटी कांग्रेस

# भाजपा के चुनाव प्रचार का जमने लगा रंग, मीडिया सेंटर भी खुला

**उदय चौहान**

**प्रदेश भाजपा ने प्रचार के लिए लॉन्च किया नागपुरी गाना, ऊहापोह में महागठबंधन**

**रांची।** भाजपा का चुनाव प्रचार अब रंग जमाने लगा है। शक्ति केंद्रों में बैठकों का दौर शुरू हो गया है और चुनाव प्रबंधन समिति की सक्रियता बढ़ गयी है। वहीं, राजधानी में बेहतर मीडिया कवरेज के लिये मीडिया सेंटर भी खुल गया है। पीएम नमो के दस साल की उपब्धियों को जन-जन पहुंचाने के लिये नागपुरी गाना लॉच किया गया है। इस नागपुरी गाना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार शुरू कर दिया गया है। दूसरी ओर, महागठबंधन के दल अभी उहापोह में ही हैं। महागठबंधन दलों ने अभी तक रांची समेत अन्य सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तक तय नहीं कर पायी है। भाजपा ने उम्मीदवारों का ऐलान करते हुए प्रचार प्रचार तेज कर दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस अभी तक सीटों का बंटवारा भी नहीं कर पाये हैं। आलम यह है कि कई सीटों पर इन दलों के पास कोई दमदार उम्मीदवार भी नहीं है। बड़ी बात यह कि इस बार शिबू सोरेन चुनाव नहीं लड़ेंगे। दुमका से भाजपा ने शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को उम्मीदवार बनाया है।

मालूम हो कि झारखंड लोकसभा चुनाव में भाजपा लगातार दो बार से शानदार प्रदर्शन किया है। 2014 में यहां भाजपा ने 12 तो 2019 के चुनावों में 11 सीटें जीती थी। इस बार भाजपा 14 की 14 सीटों पर विजय की रणनीति की साथ मैदान में उतर चुकी है। चूंकि कांग्रेस पहले से ही यहां कमजोर है। वहीं, झारखंड में सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप भाजपा को उम्मीदों को बल दे रहे हैं। इन्हीं आरोपों के तहत हेमंत सोरेन इस समय जेल में हैं।

**खैर!** भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने के लिये पार्टी प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का भी प्रवास कार्यक्रम शुरू है। श्री वाजपेयी रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो समेत अन्य जगहों पर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र बताया है। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। हालांकि, अभी मतदान की तिथि दूर है। लेकिन, भाजपा की रणनीति को देखते हुए महागठबंधन की मुश्किलें बढ़ गयी है। राज्य में इस बार लोकसभा के चुनाव कुल 4 चरणों में होने हैं। यहां चौथे, पांचवें, छठे और सातवें चरण में मतदान कराया जायेगा। इन चारों चरणों में मुकाबला काफी रोमांचक होने की संभावना है।

### मांडर के 7 और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के 4 स्थानों पर एसएसटी की प्रतिनियुक्ति

# लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होते ही स्टैटिक सर्विलांस टीम क्रियाशील

**एसएसटी को उड़न दस्ता दल के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश**

**भारी मात्रा में नकद, अवैध शराब, संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र इत्यादि निर्वाचन क्षेत्र में लाये जाने पर नजर रखते हुए वाहनों एवं व्यक्तियों की तलाशी लेने और वीडियोग्राफी का निर्देश**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला में लोकसभा निर्वाचन के स्वच्छ एवं निष्पक्ष निर्वाचन को लेकर स्थैतिक निगरानी दल (स्टेटिक सर्विलांस टीम) का गठन किया गया है। गठित दल में पर्यवेक्षीय पदाधिकारी/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही रांची जिला अंतर्गत तमाड़ और मांडर विधानसभा के वैसे क्षेत्र जो क्रमशः खूंटी और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आते हैं, वहां एसएसटी क्रियाशील हो गयी है।

**24 घंटा सतत निगरानी :** स्थैतिक निगरानी दल द्वारा तीन पालियों (सुबह 6:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक, दोपहर 2:00 बजे से रात 10:00 बजे तक, रात 10 बजे से सुबह 6:00 बजे तक) में 247 सतत निगरानी रखी जा रही है। टीम को तीन अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मतगणना तक क्रियाशील रहेगी। एसएसटी को भारी मात्रा में नकद, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र इत्यादि निर्वाचन क्षेत्र में लाये जाने पर नजर रखते हुए वाहनों एवं व्यक्तियों की तलाशी लेने के साथ वीडियोग्राफी का निर्देश दिया गया है।

बिना उचित कागजातों के बेहिसाब नकदी या 10 लाख से अधिक नकदी पाए जाने पर अविलंब विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए एसएसटी द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची को प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाएगा, इसके आधार पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर व्यय अनुवीक्षण कोषांग द्वारा इस आशय से आयकर विभाग के सहायक निदेशक को सूचित किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्थैतिक निगरानी दल को उड़न दस्ता दल के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

**मांडर विधानसभा क्षेत्र में निम्न स्थानों पर तैनात रहेगी एसएसटी**

1. महूगांव-फतेहपुर पथ, लापुंग, फतेहपुर में।
2. कर्रा-ककरिया पथ लापुंग
3. पुरनापानी-लापुंग पथ दोलैया में
4. लापुंग-सिसई पथ परसा में
5. गुमला रोड एवं लोहरदगा रोड बेड़ो प्रखंड के पास
6. रांची-गुमला रोड पुरनापानी में
7. कुडू-रांची पथ, चान्हो के पास

**तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में निम्न स्थानों पर तैनात रहेगी एसएसटी**

1. टाटा-रांची पथ, रांगामाटी के पास
2. मारंगहादा-तैमारा पथ
3. सरायकेला-रड़गांव पथ, रड़गांव पथ
4. सरायकेला-रड़गांव पथ, डोरेया मोड़ के पास

